पुस्तकालय

2

2571
16/3/07

असंशोधित

13 MAR 2007

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग 1—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर )

प्रतिवेदन शाखा
गै०स०प्रै०सं०......785......तिथि 16/3...

बि०स० मु० (एल० ए०) 219—मामी—1,000—9·6·2004

धरातल पर सरकार खड़ी है और उसको कार्यान्वित कर रही है तो साफ क्यों नहीं मंत्री महोदय कहते हैं । क्या इसमें है कमी, क्या उनको परेशानी है, क्यों नहीं साफ मंत्री महोदय कहते हैं कि यह प्रश्न आया है, सरकार इसके संबंध में जाँच कराकर के यथोचित निर्देश देगी विश्वविद्यालय को ।

श्री वृषिण पटेल,मंत्री : अध्यक्ष महोदय, सारे बिहार के लोग जानते हैं, यह सरकार कानून से परे कोई काम करने वाली नहीं है और कानून कहता है कि विश्वविद्यालय अपने आप में सक्षम है । माननीय सदस्य का यह कहना कि हम अगर-मगर में जवाब दे रहे हैं, सरकार अगर-मगर में जवाब नहीं देती है । माननीय सदस्य का जो सवाल है, वह निश्चित तौर पर सरकार अपनी ओर से निर्देश भेजेगी विश्वविद्यालय को कि वहां दूसरे विषयों की भी पढ़ायी शुरू करायी जाय ।

## तारांकित प्रश्न संख्या-८०७

श्री लाल बाबू राय : अध्यक्ष महोदय, इसका भी जवाब दिलवा दिया जाय ।

अध्यक्ष : लिखित है माननीय सदस्य का ।

श्री लाल बाबू राय : अध्यक्ष महोदय, मुझको कहा गया है ।

अध्यक्ष : माननीय मंत्री ।

श्री जर्नादन सिंह सीग्रीवाल,मंत्री : १. उत्तर अस्वीकारात्मक है ।

२. डिहरी में अन्य स्थल डिहरी मैदान पर एक स्टेडियम निर्माण हेतु जिलाधिकारी,रोहतास को १५.०० लाख रूपये का आवंटन पत्रांक-३३ दिनांक ८.३.२००७ द्वारा भेजा गया है ।

अगले दो वर्ष में निधि की उपलब्धतता के आधार पर वहां भी स्टेडियम बनाने का काम पूरा कराया जा सकेगा ।